CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)

Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का विवों में हुआ चयन, पटना में मिली पोस्टिंग

'विवों में 'मैनेजमेंट ट्रेनी' के पद पर हुआ चयन

फाइनल ईयर के 22 छात्रो का हुआ प्लेसमेंट

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' द्वारा के छात्रों का चयन 'विवों' कंपनी में हुआ है | छात्रों का यह चयन कॉलेज द्वारा चलाये गए कैंपस पेसमेंट ड्राइव के माध्यम से हुआ है | प्रबंधन (बी. बी.ए. तथा पी.जी.डी.एम.) तथा सूचना तकनीक (बी.सी.ए. तथा बी.एस.सी.- आई.टी.) के अंतिम वर्ष के छात्रों ने इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया | छात्रों का चयन ग्रुप डिस्कशन, तथा साक्षात्कार के माध्यम से हुआ | अतिम तौर पर कुल 22 छात्रों को चयनित किया गया | इन छात्रों को विवो द्वारा 'मैनेजमेंट ट्रेनी' के पद पर चयनित किया गया है और इनका कार्य 'कस्टमर एक्यूज़िशन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग तथा सेलिंग से जुड़ा होगा | इन छात्रो का कार्य स्थल पटना मे ही होगा | इन छात्रों को 2.43 लाख के वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया है | इसके साथ ही छात्रों को अन्य इंसेंटिव तथा अन्य प्रकार की सुविधाएं भी मिलेंगी | निकट भविष्य में छात्रों के परफ़ोर्मेंस के आधार पर पैकेज में बढ़ोतरी की संभावना है | तीन साल की अवधि पूरी करने पर छात्रों को 8 लाख तक का पैकेज मिलेगा | चयनित छात्रों में बी.बी.ए. के छात्र हर्ष कुमार,सक्षम रीत राजपूत, हर्षित राज, सौरभ कश्यप, अभिषेक शर्मा, प्रियंका कुमारी, तोषी, विनायक गुप्ता, प्रतीक मोहन, श्वेता सिहानिया, श्रीष्टि गौरव, रौशन कुमार, विक्रम प्रताप सिंह, नीरज कुमार गुप्ता तथा बी. सी. ए. के राहुल कुमार बर्नवाल, आशीष राहुल, मनीष कुमार, कुमारी अंकिता शामिल हैं तथा बी.एस.सी. (आई.टी.) के अक्षत राज तथा पी.जी.डी.एम. के छात्र राणा कुमार शामिल हैं | इस छात्रों को बतौर 'मैनेजमेंट ट्रेनी' नियुक्ति मिली है | शुरू के तीन महीनों तक इनकी नियुक्ति कंपनी के आउटलेट पर बतौर सेल्स प्रमोटर होगी | उसके पश्चात अगले तीन महीने बतौर सीनियर सेल्स प्रमोटर कार्य करेंगे | तत्पश्चात इन्हे टीम लीडर के तौर पर नियुक्त कर दिया जाएगा | उसके पश्चात इन्हे इनके प्रदर्शन के अनुसार संबन्धित डिपार्टमेन्ट में असिस्टेंट मैनेजर के तौर पर नियुक्ति दी जाएगी |

इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'इस पद के चयन के लिए छात्रों की मार्केटिंग, कस्टमर सर्विस, रिटेल मार्केटिंग इत्यादि विषय में गहरी पकड़ और एक्सीलेंट कम्युनिकेटिव इंग्लिश होना अपेक्षित था | कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों में ये सारी खूबियाँ थी, इसलिए उनका चयन हुआ | वहीँ कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने कहा कि' कैटलिस्ट कॉलेज में छात्रो को कोर्स के दौरान कस्टमर सर्विस तथा रिटेल मैनेजमेंट से सम्बंधित कई कोर्स कराये गए थे, जिसका लाभ छात्रो को इस इंटरव्यू में मिला |' वहीं कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार ने कहा कि 'छात्रों को प्लेसमेंट से पहले इंटरव्यू हैंडलिंग की विशेष क्लासेज कराई गई, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला |' इस मौके पर सभी शिक्षकों ने छात्रों के चयन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्व्वल भविष्य की कामना की |

We Welcome
CAMPUS
PLACEMENT DRIVE
FOR BATCH 2020 & 2021
vivo

We Welcome
vivo
CAMPUS
PLACEMENT DRIVE
FOR BATCH 2020 &